



रेस्क्यू | जीआरपी, आरपीएफ की तत्परता से 163 बच्चे किए गए रेस्क्यू

# सामने आया मानव तस्करी का मामला, आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेल मंडल के कटनी रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात दानापुर-पुणे एक्सप्रेस से 163 मुस्लिम बच्चों को रेल सुरक्षा बल द्वारा रेस्क्यू किया गया। सूत्रो के अनुसार आरपीएफ को मिली सूचना के आधार पर हुई इस कार्रवाई के बाद मानव तस्करी की आशंका जताई जा रही थी इन बच्चों को बिहार से महाराष्ट्र काम कराने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था।

कटनी आरपीएफ थाना प्रभारी के मुताबिक दानापुर पुणे एक्सप्रेस में बड़ी संख्या में बच्चों को संदिग्ध परिस्थितियों में ले जाया जा रहा था। ट्रेन के कटनी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर पहुंचते ही आरपीएफ, जीआरपी, महिला एवं बाल विकास विभाग और बाल संरक्षण अधिकारियों की संयुक्त टीम ने घेराबंदी की। टीम ने बोगियों से सभी 163 बच्चों को सुरक्षित नीचे उतारा। पूछताछ में सामने आया है कि अधिकांश बच्चे बिहार के रहने वाले हैं। जांच में सामने आया है कि रेस्क्यू किए गए बच्चे ट्रेन के एस 1, 2, 3, 4 और 7 कोच में सवार थे। बच्चों के साथ मौजूद सद्दाम जो अररिया, बिहार निवासी व्यक्ति ने बताया कि वह इन बच्चों को बिहार के अररिया से महाराष्ट्र के लातूर स्थित मदरसे ले जा रहा था। सद्दाम के मुताबिक, उसके साथ 100 बच्चों का ग्रुप है, जबकि बाकी बच्चों को अन्य लोग लेकर जा रहे थे।

### नहीं मिले कोई दस्तावेज

खुद को लातूर मदरसे का शिक्षक बताने वाले सद्दाम का दावा है कि वह 10 साल से बच्चों को वहां ले जा रहा है। उनके मदरसे में हर विषय की शिक्षा दी जाती है। प्रशासन अब इन दावों की सच्चाई और कानूनी दस्तावेजों की जांच कर रहा है। वही सद्दाम के पास बच्चों को लेकर जाने के संबंधित कोई भी काग़ज़ात जाँच में नहीं पाए गए है। जिसके चलते जीआरपी, आरपीएफ कटनी ने उसे बीएनएस की धारा 143 (4) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। वही बाल सुरक्षा अधिकारी के अनुसार, विभाग को इन बच्चों से महाराष्ट्र ले जाकर मजदूरी या अन्य गैर-कानूनी काम कराए जाने की जानकारी मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी बच्चों को आरपीएफ थाने ले जाया गया है, जहां उनकी काउंसलिंग की जा रही है।

### जबलपुर भेजे गए 80 बच्चे

महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम बच्चों के परिजनों और उनके निवास स्थान के दस्तावेजों का सत्यापन कर रही है। बच्चों के साथ यात्रा कर रहे लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इस समूह का असली संचालक कौन है? इसी बीच कटनी से कड़ी निगरानी के बीच 80 बच्चों को जबलपुर भी भेजा ज्ञा है। बता दे कि जिला प्रशासन हर पहलू, विशेषकर मानव तस्करी की आशंका को ध्यान में रखकर जांच कर रहा है। कटनी आरपीएफ का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। जब तक हर बच्चे के अभिभावक से संपर्क नहीं हो जाता और बच्चों के स्थानांतरण का ठोस कारण स्पष्ट नहीं होता, तब तक उन्हें प्रशासन की निगरानी में रखा जाएगा। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## मधुमक्खियों के हमले से किसान की मौत

**चिल्हारी नवभारत 12 अप्रैल।** इंदवार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पनपथा में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां खेत पर गेहूं की कटाई करने गए एक वृद्ध किसान की मधुमक्खियों के हमले से मौत हो गई। घटना शनिवार देर शाम की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गोविंद जायसवाल अपने घर से कुछ दूरी पर मौजूद सोसायटी के करीब खेत में काम करने गए थे। खेत के पास एक बरगद के पेड़ पर मधुमक्खियों का बड़ा छत्ता लगा हुआ था। अचानक छत्ते से निकली मधुमक्खियां आक्रामक हो गईं और उन्होंने गोविंद पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मधुमक्खियों ने वृद्ध के शरीर पर झुंड बनाकर हमला किया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए।

**किसान मदद के लिए चिल्लाता रहा, लेकिन मदद नहीं मिली**-हमले के दौरान गोविंद काफी देर तक मदद के लिए चिल्लाते रहे, लेकिन सुनसान जगह होने के कारण कोई सहायता नहीं पहुंच सकी। अत्यधिक डंक लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।



## इंजन पर चढ़ा युवक करंट लगने से मौत

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर मंडल के कटनी-बीना रेलखंड के रीठी रेलवे स्टेशन पर शनिवार की देर रात करीब 11 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक अज्ञात युवक खड़ी मालगाड़ी के इंजन पर चढ़ गया, जिसके बाद वह सिर के ऊपर से गुजर रही 25 हज़ार वोल्ट की हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। बिजली के झटके से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि रात के समय रीठी स्टेशन के ट्रेक पर एक मालगाड़ी खड़ी थी। इसी दौरान एक युवक उसके इंजन पर चढने लगा। जैसे ही वह इंजन की छत पर पहुंचा, उसका संपर्क हाई वोल्टेज तारों से हो गया। उच्च विद्युत तारों के संपर्क में आते ही तेज धमाका हुआ और आग की लपटें दिखाई दीं। धमाके की आवाज सुनकर स्टेशन पर मौजूद यात्री और रेलकर्मी घटनास्थल की ओर दौड़े। वहां युवक बुरी तरह झुलसी हुई अवस्था में पड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही स्टेशन मास्टर, आरपीएफ और जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे। उन्होंने पटरियों पर पड़े शव को कब्जे में लिया।

### नहीं बरामद हुआ पहचान पत्र

रेलवे पुलिस के अनुसार, मृतक के पास से कोई दस्तावेज या पहचान पत्र बरामद नहीं हुआ है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। युवक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवा दिया है और पहचान के प्रयास जारी हैं। जीआरपी कटनी के उप निरीक्षक ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्राथमिक तौर पर यह दुर्घटना प्रतीत हो रही है, लेकिन युवक इंजन पर किन परिस्थितियों में चढ़ा, इसकी गहराई से जांच की जा रही है। पहचान होने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।




## प्रदर्शन के जरिए शिक्षकों ने आवाज की बुलंद

▸ मझौली में अपनी मांगो को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, मझौली।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आव्हान पर विकासखंड मझौली में टीईटी परीक्षा एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग को लेकर शिक्षकों ने अपनी आवाज प्रदर्शन के जरिए बुलंद की। इस दौरान रैली निकालते हुए प्रदर्शन कर ध्यान आकर्षण का काम मझौली के शिक्षकों द्वारा किया और तहसीलदार ललित ग्वालवंशी को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर संयुक्त मोर्चा से दीपक पटेल, अजय खरे, मनमोहन राय, अखिलेश मांझी, रामप्रताप चक्रवर्ती, विनोद भूमिया , अंशो मेहरा, सरस्वती मंडलेकर, पुष्पलता पटेल, कामना ठाकुर, मंज़िल जैन, सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे ।

## लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी और जन सेवक थे बड़े बब्बू

**सिहोरा।** पूर्व विधायक स्व. प्रभात पांडे की बारहवीं पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन निज निवास पहरेवा में किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में पूर्व विधायक स्वर्गीय पांडे को सभी वर्गों के साथ प्रेम,सद्भाव,भाईचारा बनाए रखने वाले व्यक्तित्व का धनी बताया। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जेष्ठ पुत्र बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे ने कहा कि उनके पिता जीवन पर्यन्त इस क्षेत्र की बेहतरी के लिए काम करते रहे और दो बार के विधायक काल में उन्होंने क्षेत्र में अनेको विकास कार्य कराये।

कार्यक्रम में उपस्थित भीड़ ने यह साबित कर दिया कि उनका व्यक्तित्व,कृतित्व, सेवा और समाज के प्रति समर्पण आज भी जिंदा है श्रद्धांजलि सभा में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश पांडे, विनय असाटी,प्रांजल पांडे,वैभव पांडे, सतीष जैन, कैलाश पंजाबी, राजा मोर,अभिषेक तिवारी, सतीश जैन, प्रवीण पटेल, अमित दिक्षित, अशोक खरे, श्याम शुक्ला, भरतु नायक, अभिषेक परोहा, शंशाक पांडे, नरेश शुक्ला, सुनील पटेल, पीवी संजय, एमआई सिद्धकी, अरुण जैन, शिशिर पांडे, विनय परिहार, बिट्टू दुआ, प्रवीण कुररिया, राजकुमार तिवारी, प्रशांत जैन, रामनारायण श्रीवास आदि उपस्थित थे।





## भगवान ने नयनों के जल से सुदामा के धोये चरण : नृसिंह देवाचार्य

▸ प्रज्ञा बिहार कालोनी में भागवत कथा

**नवभारत, सिहोरा।** ब्राह्मण सुदामा की मैत्री का अदभुत दृश्य देखने में आया क्योंकि श्रीजनक ने श्रीराम के चरण और केवट ने श्रीराम के राजा बली ने बामन के चरण धोये, अत: भक्तों मे भगवान के चरण धोये यह तो इतिहास में कई बार देखने में आता है पर भगवान ने भक्त के चरण धोये यह केवल सुदामा चरित्र में ही प्राप्त है प्रभु द्वारिकाधीश ने अपने प्रिय मित्र विप्र सुदामा के चरण स्वयं अपने नयनों के जल से धोये थे।

उक्ताशय के उदगार गीता धाम के महंत परम पूज्य स्वामी नृसिंह देवाचार्य जी ने प्रज्ञा बिहार कालोनी में मनेन्द्र अग्निहोत्री, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रश्मि अग्निहोत्री के संयोजन में चल रही सप्त दिवसीय भागवत कथा में सुदामा चरित्र की मीमांसा करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने आगे कहा कि सुदामा की पत्नी सुशीला ने सुदामा को श्रीकृष्ण को देने के लिए मैले कुचेले वस्त्र में चांवल बांधकर दिए उसके साथ उन्होंने अपनी दीनता दरिद्रता भी दे दी अर्थात हम जैसी जो स्थिति है, उसी रुप में भगवान को समर्पित हो जायें भगवान हमें स्वीकार कर लेंगे सुशीला एक गरीब ब्राह्मणी थीं और उन्होंने अपने पति सुदामा के साथ बहुत ही साधारण जीवन व्यतीत किया था। वे पतिव्रता और धर्मपरायण महिला थीं और भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में अपना जीवन समर्पित कर दिया था। भगवान ने भी तीन मुट्ठी चावल खाकर सुदामा को सारा एश्वर्य प्रदान कर दीनता दरिद्रता समाप्त कर दी।

कथा के पूर्व आयोजक मंडल के देववती अग्निहोत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोटिया, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे, प्रकाश पांडे, शैलेन्द्र दुबे, दिनेश गुप्ता, सोनू कठल, चीकू तिवारी, अभिषेक परौहा, संदीप तिवारी, रमा चौरसिया, प्रवीण कुररिया, राजकुमार तिवारी आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।

## पुलिस ने चार बालिकाओं को किया दस्तयाब

▸ ऑपरेशन मुस्कान' के अंतर्गत की गई कार्यवाही

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक उमरिया विजय भागवानी, अति. पुलिस अधीक्षक उमरिया के निर्देशन में एवं एसडीओपी उमरिया पी.एस.परस्ते के नेतृत्व में प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर से गुम 4 बालिकाओं को दस्तयाब करने में टीम को सफलता प्राप्त हुई। विशेष अभियान 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत उमरिया पुलिस द्वारा निरंतर गुम बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी कर उनके परिवार के चेहरों पर मुस्कान वापस लौटाई जा रही है। इसी के तहतह उमरिया पुलिस द्वारा 4 गुम बालिकाओं को सुरक्षित दस्तयाब किया गया है। थाना मानपुर द्वारा माह जनवरी वर्ष 2026 में दर्ज हुये प्रकरण में 14 वर्षीय गुमशुदा बालिका को जिला मुजफ्फरनगर उप्र से, थाना इंदवार द्वारा वर्ष 24 में दर्ज हुये प्रकरण में 17 वर्षीय गुमशुदा बालिका को भोपाल से, माह मार्च में दर्ज हुये प्रकरण में 14 वर्षीय बालिका को जबलपुर से थाना चंदिया ने 17 वर्षीय बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया गया है।

### बोलेरो से 6 पेटी अवैध शराब जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा थाना पुलिस ने घेराबंदी कर एक सफेद रंग की बोलेरो कार से भारी मात्रा में बियर जब्त की है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि त्रिपुरी चौक की ओर से एक सफेद रंग की बोलेरो एमपी 13 जेड वी 0368 में अवैध शराब लोड कर देवताल की ओर ले जाई जा रही है। सूचना पर देवताल रामायण मंदिर के पास घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रुकवाया। जब पुलिस ने बोलेरो की तलाशी ली, तो पिछली सीट पर रखी 6 पेटियों में कुल 72 बोतल बियर बरामद हुई। जब्त की गई बियर की अनुमानित कीमत लगभग 46,800 रुपये बताई जा रही है। मौके पर मौजूद दो युवकों अमन सोनी (26) निवासी घमापुर और अर्जुन सोनी (33) निवासी गोरखपुर के को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कुबूल किया कि उन्होंने यह बियर त्रिपुरी शराब दुकान से प्राप्त की थी और वे इसे परिवहन कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर बोलेरो वाहन और बियर जब्त कर ली है। त्रिपुरी शराब दुकान के गद्दीदार एवं मैनेजर से उक्त बियर के संबंध पूछताछ कर पुलिस आगे की कार्यवाही करेगी।




हादसा | मृतकों के परिजनों को दी गई त्वरित सहायता, प्रशासन ने तत्परता से संभाला मोर्चा

# एनएच-45 पर सड़क दुर्घटना में 5 की मौत, एक घायल




**डिंडोरी, नवभारत 12 अप्रैल।** जिले के बजाग तहसील अंतर्गत गाड़ासरई थाना क्षेत्र के किकरा तालाब गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-45 पर हुई सड़क दुर्घटना में जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया। घटना रात लगभग 1 बजे की है, जिसमें तेज रफ्तार ट्राला कैप्सूल वाहन की चपेट में आने से 5 लोगों की दुखद मृत्यु हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, एसडीएम, तहसीलदार, स्वास्थ्य एवं पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य प्रारंभ किया। कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक स्वयं घटनास्थल पर पहुंचीं, जहां उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया एवं हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

**चौक कार्यक्रम से लौटते वक्त हुआ हादसा**-परिजनों ने बताया, परसवाह ग्राम के कुछ लोग चौक कार्यक्रम से लौटते समय अपने पिकअप वाहन का टायर बदल रहे थे। इसी दौरान अमरकंटक रोड की ओर से आ रहे ट्राला (क्रमांक एमपी 19 जेडओ 9351) ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में पवन कुमार मरावी, विशाल सिंह धुर्वे, राजकरण बनवासी, बिहारी सिंह उद्दे, एवं पवन सिंह उद्दे की मृत्यु हो गई। घायल उदय प्रताप सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

**50 हजार रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता दी**-जिला प्रशासन द्वारा त्वरित राहत प्रदान करते हुए मृतकों के परिजनों को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 50 हजार रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता तथा संबल योजना के अंतर्गत 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। साथ ही अंतिम संस्कार की समुचित व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल वाहन चालक को वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

**इनका कहना है**

ये रात करीब 1:00 बजे के आसपास की घटना है, गाड़सरई के आगे अमरकंटक रोड पर किकरा तालाब के पास रोड एक्सीडेंट हुआ है। जानकारी के मुताबिक मृतक और घायल पारिवारिक कार्यक्रम से लौट रहे थे और घटना स्थल के पास ही गाड़ी का ब्रेक खराब हो गया था, जिसे ठीक किया जा रहा था। इस दौरान कुछ लोग रोड में साइड पर तो कुछ रोड से हटकर साइड में खड़े थे। इसी दौरान सामने से एक गाड़ी कैप्सूल टैंकर आई, जिससे यह दुर्घटना हुई है। मामले की बारीकी से जांच जारी है।

**वाहनी सिंह, पुलिस अधीक्षक, डिंडोरी**



## एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर वक्त मोमिन ईदगाह प्रबंध कमेटी, गोहलपुर द्वारा रविवार को एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हज एवं उमराह के तरीक़ात, फ़ज़ाइल व मसाइल, हज यात्रा की तैयारी तथा मदीना शरीफ की ज़ियारत के आदाब सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में हाजी खुर्शीद अनवर ने उमराह की ज़ियारत के तरीक़े बताए, अजीजुर्रहमान ने मदीना शरीफ की ज़ियारत के आदाब समझाए, जबकि अलहाज माजिद रहमानी ने हज करने का तरीका विस्तार से बताया। इस अवसर पर कमेटी के सदस्य रासिद अली, सरफराज अंसारी, महफूज अंसारी, सईद भोलू, इसरार अंसारी (मोटू), हैदर पहलवान, नुरूलहक, नन्हे अंसारी, एहसान अख्तर, मंसूर अंसारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में असगर अंसारी, इरफानुल हक अंसारी, अनीस अंसारी, सरदार उस्मान अंसारी, शब्बीर अंसारी (मोलाना), गौस भाई, सामरीन स्टोर सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।